प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल

दिनांक–29.03.2024 समय–07.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- अमरवाड़ा से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह भाजपा में शामिल हुए, मुख्यमंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने दिलाई सदस्यता
- प्रदेश में मतदाता जागरूकता के लिए फाग उत्सव, रैलियों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन।
- गुड फ्रायडे पर गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं, क्रूस रैलियां निकाली गईं
- प्रदेश के छह जिलों में लू के आसार, वहीं कहीं–बारिश की भी संभावना।

विधायक भाजपा
छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक कमलेश शाह भाजपा में शामिल हो गए हैं। उनके साथ उनकी धर्मपत्नि व हरई नगरपालिका की पूर्व अध्यक्ष माधवी शाह और उनकी बहन जिला पंचायत सदस्य केसर नेताम ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने सदस्यता ग्रहण करने के बाद कहा कि वह भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकास कार्यों से प्रभावित होकर पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। मुख्यमंत्री निवास पर विधायक कमलेश शाह और उनके साथियों को मुख्यमंत्री मोहन यादव और प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने पार्टी की सदस्यता दिलाई। दमोह और कटनी के कुछ पंचायत प्रतिनिधि और कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हुए हैं।

मतदाता जागरूकता
देवास जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नेहरू युवा केंद्र द्वारा ग्राम निवारदी खातेगांव में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई तथा सभी मतदाताओं से लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की। जिले के सभी विकासखंडों में चुनावी फाग उत्सव के माध्यम से आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, और ग्रामीण महिलाओं ने "होली के रंग मतदान संग" अंतर्गत शत–प्रतिशत मतदान करने की अपील की। शहडोल जिले में कल रात सैकड़ों लोगों ने कैंडल गुब्बारा उड़ाकर शत प्रतिशत मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। गुना जिले में विधानसभा बमोरी के ग्राम सिमरोद की 113 वर्षीय वरिष्ठ मतदाता श्रीमति जबरी बाई का कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत ने घर पहुंच कर सम्मान किया एवं आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए आमंत्रित किया। शिवपुरी जिले में डाक विभाग की टीम द्वारा आज शहर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई और स्थानीय लोगों से वोट डालने की अपील की।

नामांकन
प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण की सीटों के लिए नामांकन–पत्र दाखिल करने का काम चल रहा है। आज शासकीय अवकाश रहा और कल फिर परचे भरे जाएंगे। नामांकन की अंतिम तारीख 4 अप्रैल है। पहले दिन कल होशंगाबाद में एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन–पत्र दाखिल किया। अन्य 6 लोकसभा सीटों पर पहले दिन किसी भी अभ्यर्थी ने परचा दाखिल नहीं किया। पहले चरण में प्रदेश की छह सीटों के लिए नामांकन–पत्रों की जांच प्रक्रिया कल पूरी हो गई। इसमें 107 उम्मीदवारों के नामांकन–पत्र कानून–सम्मत मान्य पाए गए हैं।

जनता की आवाज–आकाशवाणी के साथ
प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज– आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा मतदान के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

चुनाव कार्रवाई निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग लोकसभा चुनाव के लिए टीकमगढ जिले की सीमाओं पर सघन वाहन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। कल पुलिस टीम द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए वाहन चैंकिग अभियान मे कुल 13 लाख 50 हजार रूपये की राशि जब्त की गई। निवाड़ी कलेक्टर ने आज निरीक्षण के दौरान इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट तथा सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने को कहा। शहडोल में परिवहन विभाग ने 100 से अधिक गाड़ियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुवे पौने दो लाख रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। नीमच जिले में त्योहारों को देखते हुए दण्डप्रकिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मंक आदेश जारी किया है।

गुड फ्राइडे

आज गुड फ्राइडे के दिन प्रदेश में गिरजाघरों में प्रार्थना सभाएं आयोजित की जा रही हैं। क्रूस यात्राएं निकाली जा रही हैं जिनमें प्रभु यीशु के बलिदान से जुड़े प्रसंगों की झांकियां शामिल हैं। यीशु मसीह को इसी दिन सूली पर लटकाया गया था। उन्होंने मानवता के प्रति प्रेम के लिए कुर्बानी दी थी। शहडोल जिले में ईसाई धर्म के मानने वाले आज गुड फ्राइडे मना रहे है। इस अवसर पर विभिन्न चर्च में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया है। होली स्पिरिट कैथोलिक चर्च व मसीही समाज जुलूस एवं झांकी निकाल रहा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुड फ्राइडे के दिन यीशु मसीह के बलिदान को याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गुड फ्राइडे को यीशु मसीह के विनीत बलिदान को स्मरण किया जाता है। प्रधानमंत्री ने आशा प्रकट की कि प्रत्येक व्यक्ति को उनकी अनुकंपा और दूसरों को क्षमा करने की यीशु मसीह की सीख से प्रेरणा मिलेगी। गुड फ्राइडे की पूर्व संध्या पर कल गिरजाघरों में प्रभु यीशू का अंतिम भोज दिवस मनाया गया। गुड फ्राइडे के बाद रविवार 31 मार्च को यीशु मसीह पुनः जीवित हो गए थे जिसे ईस्टबर के रूप में मनाया जाता है। वहीं मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पवित्र रमजान महीने के तीसरे जुमा पर आज नमाज के साथ सामूहिक रूप से दुआ मांगी। मस्जिदों में रमजान के तीसरे अशरे की अहमियत भी बताई गई।

लू गर्मी

प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे होने लगे हैं। रतलाम, सागर टीकमगढ़ दमोह, गुना और शिवपुरी में लू का प्रभाव रहा। सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान दमोह में बयालिस दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस दमोह में दर्ज किया गया। भोपाल, उज्जैन, ग्वालियर, नर्मदापुरम, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से काफी ज्यादा रहे। मौसम विभाग के अनुसार भोपाल संभाग के जिलों इंदौर, उज्जैन, खंडवा सहित कई जिलों में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने रतलाम, दमोह, गुना, शिवपुरी, सागर और टीकमगढ़ जिलों में लू चलने की संभावना जताई है। वरिष्ठ मौसम विशेषज्ञ अजय शुक्ला ने बताया कि 29 मार्च से एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में पहुंचने से हवाओं के साथ नमी आने की संभावना है, जिसके चलते 30 एवं 31 मार्च को प्रदेश में कहीं–कहीं वर्षा भी हो सकती है। नर्मदापुरम जिले में आज सुबह से ही आसमान पर बादल छाने से मौसम में ठंडक देखी जा रही है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. पीके रैकवार ने बताया कि जिले में पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से दो दिन हल्की बारिश की संभावना बन रही है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :–

- नीमच जिले में केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो द्वारा अफीम तोल का कार्य आज से शुरू किया गया है जो 8 अप्रैल तक चलेगा।
- शहडोल जिले में आज से समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी शुरु हो गई है। जिले के 10 हजार से अधिक गेहूं उत्पादक किसान अपनी उपज बेच सकते हैं। इसके लिए 30 खरीदी केंद्र बनाए गए हैं। खरीदी का काम 15 मई तक चलेगा।
- अशोकनगर जिले के जसैया के करीला धाम माता जानकी मंदिर में रंगपंचमी के पहले आज से तीन दिवसीय वार्षिक करीला मेला शुक्रवार को प्रारंभ हुआ। रंगपंचमी पर कल बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां जानकी माता के दरबार में पहुंचकर दर्शन करेगें।
- शहडोल जिले के शासकीय नेहरू डिग्री कॉलेज बुढ़ार को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन किया गया है। इसके लिए 2 करोड़ 83 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं।